कोटद्वार, शुक्रवार
30 जनवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 248 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. भरतेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी चार बच्चों के बाप को 20 साल कैद

देहरादून। शादी का झांसा दे 13 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी चार बच्चों के बाप को कोर्ट ने बीस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पोक्सो अर्चना सागर की अदालत ने दोषी पर कुल 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है और सरकार को पीड़िता को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक अल्पना थापा ने पीड़िता की मां ने शहर कोतवाली में 24 फरवरी 2022 को केस दर्ज कराया। बताया कि 22 फरवरी 2022 को उनकी बेटी कूड़ा फेंकने गई थी, जहां से वह लापता हो गई। छानबीन में पता चला कि उनके घर के सामने मिस्त्री का काम करने वाला संजय मूल निवासी बिहार पीड़िता को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने 25 फरवरी को पीड़िता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। तब पता लगा कि दोषी ने रायपुर क्षेत्र में एक कमरा किराए पर लेकर पीड़िता को तीन दिन तक बंधक रखा और उसके साथ बार–बार दुष्कर्म किया। जांच के बाद पुलिस ने 17 अप्रैल 2022 को न्यायालय में चार्जशीट फाइल की। 29 जून को चार्ज फ्रेम होने के बाद केस ट्रायल पर आया। ट्रायल में दोष साबित होने पर संजय को गुरुवार को सजा सुनाई गई। सजा सुनाए जाने में पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट, उसकी गवाही, आरोपी के कमरे से बरामदगी अहम रही। गिरफ्तारी के बाद से संजय जेल में बंद था। सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट से वारंट बनाकर शेष सजा पूरा करने के लिए जेल भेज दिया गया। कोर्ट में गवाहों के बयान कराने में पैरोकार कोमल ने अहम भूमिका निभाई।

### मोबाइल पर बात कर रहे युवक का पैर फिसला, खाई में जा गिरा

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि के तिमली बैंड के आगे एक युवक मोबाइल पर बात करते हुए पैर फिसलने से 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने उसे खाई से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। अगस्त्यमुनि स्वास्थ्य केंद्र में युवक का इलाज चल रहा है। घटना बुधवार शाम की है जब एक युवक को स्थानीय व्यक्ति चंद्र प्रकाश नेगी को गिरते हुए देखा और पुलिस को सूचना दी। आशंका जताई कि किसी व्यक्ति ने मंदाकिनी नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और जल पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। युवक की पहचान अरविंद राणा (28) के रूप में हुई है। वह बसुकेदार तहसील के मठिया गांव का रहने वाला है। युवक ने बताया कि फोन पर बात करते हुए उसका पैर फिसल गया और यह घटना हुई। युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में इलाज चल रहा है।

### अमृतसर में 200 करोड़ की हेरोइन और 4 ग्रेनेड बरामद

अमृतसर , पंजाब पुलिस ने अमृतसर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन के साथ हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि नशीले पदार्थ और हथियार पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से भारत भेजे गए थे। इस बरामदगी के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ड्रोन के जरिए काले पैकेटों में पैक कर करीब 40 किलोग्राम से अधिक हेरोइन भेजी गई थी। इसके अलावा चार हैंड ग्रेनेड, एक पिस्तौल और कई जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए हैं। यह खेप अमृतसर के गांव ओठियां के पास गिराई गई थी। देर रात कुछ युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर इन पैकेटों को ले जा रहे थे। इसी दौरान गांव में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के कारण वहां मौजूद लोगों और कर्मचारियों ने उन्हें आगे जाने से रोक दिया। संदिग्ध स्थिति पैदा होने पर युवक घबरा गए और मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों को शक होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मोटरसाइकिल के साथ आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में हेरोइन, हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए।

## बर्फबारी के बाद पर्यटकों से गुलजार हुआ औली

### बुकिंग हाउसफुल



चमोली। औली इन दिनों चारों तरफ बर्फ से ढका हुआ है। बर्फ का लुत्फ उठाने के लिए देश के कोने–कोने से पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। मौसम के बदले मिजाज से औली में पर्यटन कारोबार ने भी अब गति पकड़ ली है। पहले तक जिन होटलों में बुकिंग कैंसिल हो रही थी अब दोबारा बुकिंग आनी शुरू हो गई हैं।

कुछ दिन पहले तक बर्फविहीन औली देखकर पर्यटक से लेकर स्थानीय कारोबारी निराश थे लेकिन जैसे ही मौसम ने करवट बदली और बर्फबारी हुई तो औली में रौनक लौट आई। अब यहां आने वाले पर्यटक खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं और शानदार यादें लेकर लौट रहे हैं। पुणे से औली पहुंचीं पूनम चौधरी ने कहा कि वह पहली बार यहां दोस्तों के साथ अपना जन्म दिन मनाने के लिए आई हैं। यहां आकर स्कीइंग में भी हाथ आजमाया और खूबसूरती देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं झारखंड से आए गौरव का कहना है कि तीन माह से औली आने की योजना बना रहे थे लेकिन बर्फबारी नहीं होने से कार्यक्रम स्थगित करते आ रहे थे। अब यहां बर्फबारी हुई है तो परिवार के साथ यहां आया हूं। तीन दिन से औली में बर्फबारी का आनंद ले रहे हैं। यहां से जाने का मन ही नहीं कर रहा है। इन दिनों औली में चारों तरफ पर्यटक ही पर्यटक नजर आ रहे हैं। गढ़वाल मंडल विकास निगम औली के प्रबंधक प्रदीप शाह का कहना है कि बर्फबारी के बाद औली में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पहले बर्फ नहीं होने से जो बुकिंग रद्द की जा रही थी अब दोबारा बुकिंग आने लग गई हैं।

### चंडिका मंदिर के कपाट खुले, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

चमोली। श्री राज राजराजेश्वरी चंडिका मंदिर सिमली के कपाट बृहस्पतिवार सुबह सवा छह बजे विधि–विधान से श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। महिलाओं ने जागर आए और मंदिर परिसर में भजन–कीर्तन किए। इस दौरान अधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पौराणिक परंपराओं के अनुसार वर्ष में 15 दिनों के लिए मंदिर के कपाट मकर संक्रांति पर बंद होते हैं।

बृहस्पतिवार सुबह पुजारी प्रदीप गैरोला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के कपाट खोले। इसके बाद गोविंद भगवान और श्री राजराजेश्वरी चंडिका देवी की मूर्ति पर लेपन कर पवित्र घृत कंबल का अनावरण किया। विष्णु शहस्त्रनाम और दुर्गा सप्तसती मंत्रों से महाभिषेक पूजा कर श्रृंगार किया और 56 भोग अर्पित किए। इस दौरान देवी–देवताओं के पश्वाओं ने अवतरित होकर श्रद्धालुओं को सुख–समृद्धि का आशीर्वाद दिया। भक्तों ने आराध्य मां चंडिका देवी की पूजा–अर्चना कर वस्त्र–आभूषण अर्पित कर सुख–समृद्धि की प्रार्थना की। इससे पूर्व महिला मंगल दल और कीर्तन मंडली ने देवी की स्तुति की। धार्मिक आयोजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत टकोला, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, मालगुजार महिपाल सिंह लडोला, कृष्णा गैरोला, संतोष गैरोला, शांति प्रसाद, भाजपा के वरिष्ठ नेता टीका प्रसाद मैखुरी और राकेश चंद्र डिमरी आदि मौजूद रहे।

## युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दें : धामी

### मुख्यमंत्री ने रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में कृषि, पशुपालन, पर्यटन एवं उद्योग क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के माध्यम से लोगों को इन योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाए, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को योजनाओं का समय पर एवं पूरा लाभ मिले, इस पर सभी विभाग विशेष ध्यान दें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आवंटित बजट का पूर्ण आउटकम प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उच्च स्तरीय बैठकों के कार्यवृत्त उन्नति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। उन्होंने सेब की अति सघन बागवानी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रभावी ढंग से संचालित कर निर्धारित लक्ष्यों को समय से प्राप्त किया जाए तथा किसानों को अधिकाधिक प्रोत्साहन प्रदान किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों से संबंधित देयकों का भुगतान समय पर हो। किसानों को उनके उत्पादन का बेहतर मूल्य मिले, इसके लिए राज्य में कीवी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहद उत्पादन के क्षेत्र में उत्तराखंड में व्यापक संभावनाएं हैं। इसे देखते हुए 'हनी मिशन' के अंतर्गत शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि बागवानी एवं मौन पालन के क्षेत्र में जिन राज्यों में अच्छा कार्य हुआ है, उनके अध्ययन हेतु अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की टीमें उन राज्यों में भेजी जाएं। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश झा, दिलीप जावलकर, विनय शंकर पाण्डेय, एस.एन. पाण्डेय, वी. षणमुगम, धीराज गर्ब्याल सहित संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने भारी बर्फबारी के बीच श्रीनगर—कटरा खंड का निरीक्षण किया

### शून्य से नीचे तापमान में कर्मचारियों की सुरक्षा को दी प्राथमिकता



**नई दिल्ली, प्रतिनिधि**

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने आज श्रीनगर से कटरा रेल खंड का गहन निरीक्षण किया। यह निरीक्षण ऐसे महत्वपूर्ण समय में किया गया है जब कश्मीर घाटी भारी बर्फबारी और शून्य से नीचे (सब–जीरो) तापमान के कारण मौसम की कठिन परिस्थितियों का सामना कर रही है।

**प्रमुख स्टेशनों और बुनियादी ढांचे का निरीक्षण**

अपने दौरे के दौरान, महाप्रबंधक ने श्रीनगर, पंपोर, अनंतनाग और काजीगुंड सहित कई प्रमुख स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भीषण सर्दी के बावजूद यात्रियों को असुविधा न हो। श्री वर्मा ने विभिन्न सुरंगों और पुलों पर चल रहे रखरखाव और निर्माण कार्यों की समीक्षा पर विशेष ध्यान दिया। उच्चतम सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पॉइंट्स, स्विच और टर्नआउट्स सहित महत्वपूर्ण ट्रैक तत्वों का निरीक्षण किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कड़ाके की ठंड के दौरान भी वे सुचारू रूप से कार्य करते रहें।

**कर्मचारियों और सुरक्षा पर फोकस**

निरीक्षण का एक मुख्य आकर्षण महाप्रबंधक का कर्मचारियों (ग्राउंड स्टाफ) और ट्रैक मेंटेनर्स के साथ संवाद था। जमा देने वाली ठंड में काम करने के प्रति उनके समर्पण को स्वीकार करते हुए, श्री वर्मा ने सर्दियों के दौरान पटरियों के रखरखाव में उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में उनसे सीधा फीडबैक लिया। "शून्य से नीचे के तापमान में अथक परिश्रम करने वाले हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण सर्वोपरि है," श्री वर्मा ने कहा। उन्होंने साथ आए अधिकारियों को निर्देश दिया कि कर्मचारियों को सभी आवश्यक शीतकालीन उपकरण और सुरक्षा गियर तत्काल उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए ट्रैक के रखरखाव को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए कार्यबल पूरी तरह से सुसज्जित होना चाहिए। निरीक्षण का समापन करते हुए, महाप्रबंधक ने क्षेत्र में चल रही अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त समय सीमा का पालन करने की सलाह दी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रेल नेटवर्क मजबूत बना रहे और मौसम के कारण विकास कार्यों में बाधा न आए।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से दिव्यांग की मौत

रुद्रपुर। सिडकुल रोड पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से ट्राई साइकिल सवार एक दिव्यांग की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, 59 वर्षीय गोविन्द भट्ट पुत्र कृष्णा भट्ट निवासी ग्राम नौलिया जिला पिथौरागढ़ लंबे समय से मोतीनगर दिनेशपुर में रहकर जीवनयापन कर रहे थे। गुरुवार सुबह करीब सात बजे वह नैनीताल हाईवे स्थित सिडकुल चौराहे पर ट्राई साइकिल से सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने उन्हें टक्कर मार दी। वह खुद को संभालने की स्थिति में नहीं थे। इस कारण कार उन्हें रौंदते हुए चली गई। नौकरी पर जा रहे लोगों की नजर गंभीर रूप से घायल गोविन्द पर पड़ी। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया और हादसे की सूचना पुलिस को दी। जिला अस्पताल में गोविन्द को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची सिडकुल चौकी पुलिस ने राहगीरों से हादसे की जानकारी ली और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गौमाता में बसती है सनातन की आत्माः सतपाल महाराज



देहरादून। सनातन की आत्मा गौमाता में निवास करती है। आज के समय में जब समाज अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है। ऐसे में गौमाता की गुम होती भूमिका और महत्व को समझाने का प्रयास फिल्म 'गोदान' के माध्यम से किया गया है। ये बात पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को सुभाष रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में कामधेनु इंटरनेशनल प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'गोदान' के टीज़र, गीत और पोस्टर लांच के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री एक बदलाव के दौर से गुजर रही है, जहाँ अब पारंपरिक कहानियों के साथ–साथ सामाजिक विषयों और वैचारिक मुद्दों पर भी सार्थक फिल्में बन रही हैं। महाराज ने बताया कि विनोद चौधरी के निर्देशन में बनी फीचर फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी 2026 से देशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। यह फिल्म वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में गौमाता के महत्व को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि विशेषकर युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और सनातन मूल्यों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। मंत्री सतपाल महाराज ने विश्वास जताया कि यदि गौ–हत्या जैसे अपराधों में संलिप्त लोग इस फिल्म को देखें, तो उनके भीतर निश्चित रूप से आत्मपरिवर्तन होगा। कार्यक्रम में श्री बद्रीनाथ–श्री केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विश्व संवाद केंद्र के प्रबंधक सुरेंद्र मित्तल, कामधेनु गौशाला समिति की सदस्य मनिका शर्मा सहित फिल्म से जुड़ी टीम के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर लगाई रोक



नई दिल्ली, देश भर में विवाद का विषय बने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने 'यूजीसी प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेगुलेशन 2026 के अमल पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इन नियमों की भाषा में स्पष्टता की कमी है और इसका दुरुपयोग होने की पूरी आशंका है, इसलिए इनकी समीक्षा बहुत जरूरी है।

**केंद्र से जवाब तलब, कमेटी बनाने के निर्देश**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल (एसजी) को निर्देश दिया कि वे इस मामले में अपना पक्ष रखें और नियमों की समीक्षा के लिए प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करें। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया नियमों की भाषा अस्पष्ट लग रही है। इसे सुधारे जाने की सख्त जरूरत है ताकि समाज का विकास बिना किसी भेदभाव के हो सके। कोर्ट ने सरकार को रेगुलेशन को दोबारा ड्राफ्ट करने को कहा है और तब तक पुराने नियमों की जगह आए इन नए नियमों पर स्टे रहेगा।

**क्या सामान्य वर्ग के लिए रैगिंग का कोई उपचार नहीं?**

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील विष्णु शंकर जैन ने अदालत में जोरदार दलीलें दीं। उन्होंने कहा कि नियमों का सेक्शन 3 संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता) और 19 के खिलाफ है। दलीलों के दौरान एक वकील ने कोर्ट को बताया कि अगर सामान्य वर्ग का कोई छात्र कॉलेज जाता है और वहां उसके साथ रैगिंग होती है, तो इन नए नियमों के तहत उसके पास शिकायत का कोई आधार या उपचार ही नहीं है।

### अजित पवार पंचतत्व में विलीन, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

बारामती , महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार का अंतिम संस्कार गुरुवार को बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पवार के अंतिम संस्कार में उनका पूरा परिवार मौजूद रहा। पवार के दोनों बेटों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे समेत कई लोग मौजूद रहे। इससे पहले, अजित पवार की अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। पवार की अंतिम यात्रा के दौरान सड़कों पर जाम की स्थिति देखने को मिली। बता दें कि गुरुवार सुबह अजित पवार के पार्थिव शरीर को काटेवाड़ी स्थित उनके आवास लाया गया था। बुधवार सुबह 8.45 बजे एक प्लेन क्रैश में पवार का निधन हुआ था। इस हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रूसमेत 5 लोगों की मौत हुई। उनके निधन पर महाराष्ट्र में 3 दिन का राजकीय शोक रखा गया है। इस दौरान राज्यभर की सभी सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। पुलिस ने प्लेन क्रैश के सिलसिले में एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की है।

## अमेरिका से तनाव के बीच ईरान के उच्च अधिकारी पहुंचे भारत

### डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर से कई मुद्दों पर हुई चर्चा



मुंबई , ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारीजानी ने भारत के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर से मुलाकात की है। यह मुलाकात मुंबई में हुई, जिसकी जानकारी ईरान के मुंबई स्थित महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। दूतावास की ओर से जारी पोस्ट में कहा गया कि अली लारीजानी और पवन कपूर के बीच विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है। इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए ईरान को फिर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि एक विशाल अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो वेनेजुएला की ओर पहले भेजे गए बेड़े से भी बड़ा है। ट्रंप ने जोर देते हुए कहा कि अमेरिकी बल पूरी तरह तैयार और सक्षम हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपना मिशन पूरा करेंगे। ट्रंप ने ईरान से बातचीत की मेज पर लौटने की अपील करते हुए उम्मीद जताई कि तेहरान जल्द ही एक निष्पक्ष समझौते पर सहमत होगा, जिसमें परमाणु हथियार शामिल न हों। उन्होंने चेतावनी दी कि समय तेजी से समाप्त हो रहा है और स्थिति बेहद गंभीर होती जा रही है। पूर्व घटनाओं का उल्लेख करते हुए ट्रंप ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर का भी जिक्र किया और इसे ईरान के लिए भारी विनाशकारी करार दिया।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में पेश किया इकोनॉमिक सर्वे

### भारत की विकास दर 7 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान, महंगाई घटकर 1.7 प्रतिशत पर



नई दिल्ली,संसद में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की अर्थव्यवस्था का सालाना लेखा–जोखा यानी आर्थिक सर्वेक्षण 2026 पेश कर दिया है। 1 फरवरी को आने वाले आम बजट से पहले पेश किए गए इस दस्तावेज में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत और स्थिर तस्वीर दिखाई दी है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में विकास दर और महंगाई के मोर्चे पर देशवासियों के लिए राहत भरी खबर है।

**विकास की रफ्तार रहेगी तेज, महंगाई हुई धड़ाम**

सर्वेक्षण के मुताबिक, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2026–27 में देश की जीडीपी विकास दर 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान जताया गया है। हालांकि यह मौजूदा वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 7.4 प्रतिशत की दर से मामूली रूप से कम है, लेकिन फिर भी यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बेहतर है। आम आदमी के लिए सबसे बड़ी राहत महंगाई के मोर्चे पर है। खुदरा महंगाई में भारी गिरावट दर्ज की गई है और वर्ष 2025–26 में यह घटकर 1.7 प्रतिशत पर आ गई है, जो आर्थिक स्थिरता का संकेत है।

**निर्यात में ऐतिहासिक उछाल, सेवा क्षेत्र बना सहारा**

व्यापार के मोर्चे पर भारत ने नया इतिहास रच दिया है। वित्त वर्ष 2025 में देश का कुल निर्यात रिकॉर्ड 825.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में ही निर्यात का आंकड़ा 418.5 अरब डॉलर को छू गया है। इस तेजी का मुख्य कारण सेवा क्षेत्र (स्द्गह्ल1द्वष्द्ग स्द्गष्ह्लशह्) का शानदार प्रदर्शन और गैर–पेट्रोलियम व गैर–रत्न आभूषणों के निर्यात में आई मजबूती है। दूसरी तरफ, आयात में भी बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2025 में कुल आयात 7.4 प्रतिशत बढ़कर 919.9 अरब डॉलर हो गया, जिससे व्यापार घाटा 94.7 अरब डॉलर रहा है।

### भाजपा के सौरभ जोशी होंगे चंडीगढ़ के नए मेयर, 18 वोट मिले; आप के हिस्से 7 और कांग्रेस को मिले 11 वोट

चंडीगढ़, चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में भाजपा ने बाजी मार ली है। भाजपा के सौरभ जोशी चंडीगढ़ के मेयर बन गए हैं। भाजपा को 18 वोट मिले हैं। कांग्रेस उम्मीदवार को 7 और आप उम्मीदवार को 11 वोट मिले है। वोटिंग से पहले ही भाजपा की जीत के कयास लगाए जा रहे थे। इस बार चुनाव सिक्रेट बैलेट वोटिंग की जगह पार्षदों के हाथ खड़े कर हुआ। पहली बार तीनों पार्टियां मेयर का चुनाव लड़ रही थीं। पिछले 2 चुनाव में क और कांग्रेस का गठबंधन था। मेयर के साथ सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के लिए भी वोटिंग होगी। मेयर पद का चुनाव जीतने के बाद सौरभ जोशी भावुक हो गए और भाषण देते हुए बोले कि मेरे पिता ने कहा था कि तुम सही रास्ते पर चलो, सब बेहतर होता जाएगा।

### सावधानी : चालान की पीडीएफ फाइल से फोन हैक

## खाते से गए 40 हजार



चमोली। साइबर ठगों ने ठगी का एक नया तरीका अपनाते हुए एक युवक के बैंक खाते से 40,000 ठग लिए। ठगों ने पहले युवक के दोस्त का मोबाइल हैक किया और फिर उसके नंबर से चालान की एक पीडीएफ फाइल भेजकर युवक का फोन कंट्रोल में ले लिया। सिम बंद होने और यूपीआई काम न करने पर जब युवक ने नेट बैंकिंग चेक की तब उसे इस ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। बीते 21 जनवरी को युवक के व्हाट्सएप नंबर पर उसके एक दोस्त के नंबर से मैसेज आया। इसमें एक पीडीएफ फाइल थी जिस पर चालान लिखा हुआ था। युवक को लगा कि दोस्त ने कोई चालान भेजा है इसलिए उसने फाइल खोल दी। कुछ समय बाद उसी दोस्त का मैसेज आया कि वह पीडीएफ फाइल न खोलें। इसके बाद युवक ने उसे डिलीट भी कर दिया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। युवक का फोन हैक हो गया था। युवक के फोन पर लगातार अपडेट और लॉगिन के लिंक आने लगे। गलती से एक लिंक पर क्लिक होते ही युवक का व्हाट्सएप भी बंद हो गया।

## सम्पादकीय

# रोने से कुछ हासिल नहीं होगा

चीन ने गैर–बाजार नीतियों पर चलते हुए फ्री मार्केट अर्थव्यवस्थाओं को अपने सस्ते उत्पादों से पाट दिया है। इस कारण वहां के उद्योग–धंधों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हैं। मगर हल क्या है? साल 2025 में चीन से व्यापार में भारत का घाटा रिकॉर्ड 116.12 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। चीन सरकार के आंकड़ों के मुताबिक बीते साल भारत का निर्यात 5.5 प्रतिशत बढ़ते हुए 19.75 बिलियन डॉलर पहुंच गया, लेकिन चीन से आयात 12.8 फीसदी बढ़ कर 135.87 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा। 2024 में चीन से भारत का व्यापार घाटा 99 बिलियन डॉलर था। इन आंकड़ों ने देश में फिर बेचैनी पैदा की है। मगर ऐसा नहीं लगता कि इसकी बुनियादी वजहों पर कोई ऐसी ठोस चर्चा होगी, जिससे समाधान की तरफ बढ़ने में मदद मिले। ऐसी चर्चा के लिए चीन की निर्यात क्षमता के गंभीर आकलन की जरूरत होगी।

2025 में चीन ने 1.2 ट्रिलियन डॉलर का व्यापार लाभ कमाया, जो ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। ऐसा अमेरिका के लिए निर्यात में 20 प्रतिशत गिरावट के बावजूद हुआ। उसने यूरोप, अफ्रीका, आसियान समूह और भारत जैसे देशों में बड़ी मात्रा में निर्यात बढ़ाने में कामयाबी पा ली। इस तरह उसने अपनी अर्थव्यवस्था को अमेरिका के व्यापार युद्ध से अप्रभावित बनाए रखा है। पश्चिमी अर्थशास्त्रियों ने इसका कारण उसकी अत्यधिक उत्पादन क्षमता एवं देश के अंदर कम उपभोग को बताया है। कहा है कि चीन ने गैर–बाजार नीतियों पर चलते हुए फ्री मार्केट अर्थव्यवस्थाओं को अपने सस्ते उत्पादों से पाट दिया है। इस कारण वहां के उद्योग–धंधों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हैं। मगर हल क्या है? पश्चिमी देश अपने यहां मजदूरी महंगी होने को समाधान के रास्ते में बाधा बताते हैं। मगर भारत जैसे देश पर तो यह बात लागू नहीं होती। भारत में औसत मजदूरी चीन से छह गुना सस्ती है। यह भारत के लिए लाभ का पहलू है। फिर भी भारत को इसका फायदा नहीं मिल रहा है, तो कारण इन्फ्रास्ट्रक्चर का महंगा एवं अपर्याप्त होना, अनुसंधान पर न्यून खर्च, और कुशल कर्मियों का अभाव है। साथ ही उद्योग घरानों की कायम हुई मोनोपॉली या कार्टेल बनाने की उनकी प्रवृत्तियों ने बाजार में प्रतिस्पर्धी कुंद कर रखी है। इन मसलों का हल भारतीय नीति–निर्धारकों को ही ढूंढना होगा। चीन से आयात–निर्यात के आंकड़ों पर साल–दर– साल रोने से कुछ हासिल नहीं होगा।

# भारत की उत्पादकता बढ़ी?

**वाजपेयी सरकार के भुवनचंद खंडूरी हों या कांग्रेस के कमलनाथ–सीपी जोशी या नितिन गडकरी से भारत हाईवे नेटवर्क में गुंथा गया है। इन सभी मंत्रियों ने नौकरशाही को सख्ती से कसते हुए काम निकालने की धुन में काम किया। ध्यान रहे कांग्रेस ने ही अडानी को पहला बंदरगाह दिया था। ऐसे ही उसने दक्षिण भारत की कंपनियों को हाईवे, एयरपोर्ट, बिजलीघर बनाने के काम सौंपे थे। सरकारों की प्राथमिकता से ही पच्चीस वर्षों का इंफ्रास्ट्रक्चर लेखा है। अब सवाल है कि जिस असल काम के लिए बुनियादी ढांचा बना उसका क्या हुआ? क्या भारत में कारखाने खुले, निर्यात बढ़ा? भारत की उत्पादकता बढ़ी? औद्योगिक क्रांति हुई? भारत आत्मनिर्भर बना? ऐसा न होना 25 वर्षों के भारत की असलियत है। किसी भी अर्थशास्त्री से पूछें, किसी भी विकसित देश की गाथा पढ़ें तो मालूम होगा कि जब भी किसी ने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया तो उस देश में फैक्ट्रियां खुलीं, रोज़गार बढ़ा। उत्पादकता बढ़ी। निवेश आया और निर्यात बढ़ा। उसी से फिर इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत निकली।**

**हरिशंकर व्यास**

इक्कीसवीं सदी के पहले पच्चीस वर्ष। ये ढाई दशक मानवता की अमूल्य, अविस्मरणीय अवधि के थे। इसमें मनुष्य के हाथों मनुष्य–समतुल्य कृत्रिम बुद्धि (एआई) बनी तो अंतरिक्ष–ब्रह्माण्ड को भेदने का इंफ्रास्ट्रक्चर भी बना। तब पृथ्वी के सर्वाधिक आबादी वाले भारत में क्या बना? भीड़ और उसकी आवाजाही या कनेक्टिविटी का इंफ्रास्ट्रक्चर। फिर उसी से फैला बाज़ार! ध्यान रहे बीसवीं सदी के आखि़री दशक में पीवी नरसिंह राव नाम का प्रधानमंत्री भारत को प्राप्त हुआ था। वह बुद्धि और दृष्टि लिए हुए था। सो, उन्होंने नौकरशाहों के समाजवाद (पूंजी, कोटा–परमिट) से भारत को मुक्त कराया। मंत्रालयों में पूंजी, उद्यम, पुरुषार्थ के चक्कर खत्म (घटाए) कराए। उन दिनों चीन में देंग शियाओ पिंग ने जहां देशी–विदेशी पूंजी, शिक्षा–ट्रेनिंग, मेहनत से देश को गढ़ने में इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को धार दी थी तो नरसिंह राव–मनमोहन सिंह ने भी भारत में अवसर खोले थे।

राव सरकार ने बतौर मानव संसाधन लोगों को समर्थ बनाने के फ़ैसले लिए। हालांकि उनसे पहले वीपी सिंह ने मंडल–मस्जिद में समाज को भीड़ बनाने के विषाणु फैला दिए थे। तभी लालू यादव, मुलायम सिंह, लालकृष्ण आडवाणी की आरक्षण, धर्म की आग फैली थी। उसी का असर था जो इक्कीसवीं सदी की मिलेनियम पीढ़ी की दिशा बिगड़ी। नौजवान या तो आईटी क्षेत्र के बैक–ऑफ़िस, कुलीगिरी की तरफ दौड़े या आरक्षण की भूख में अंधे होकर सरकारी नौकरी की माया में भटके। मेरा मानना है समाज के भटकने के संग अर्धसाक्षरता की शिक्षा का अटल बिहारी वाजपेयी–डॉ. मुरली मनोहर जोशी का सर्व शिक्षा अभियान वह दूसरा मोड़ था, जिससे पहली कक्षा से बारहवीं तक की शिक्षा से मिलेनियम पीढ़ी की बरबादी बनी।सरकारी स्कूलों का भ्‌ा बैठा। प्राइवेट शिक्षा से शिक्षा–असमानता बनी। शिक्षा का कुल नतीजा बुद्धिविहीन आईटी कुलियों, सरकारी नौकरियों की भूख, कुशलता–कौशल के नाम पर बेगार करती नौजवानों की भीड़ थी। न खेती व परंपरागत कौशल में प्रवीण और न पहले जैसे काबिल इंजीनियर–डॉक्टरों का शिक्षण। सो, जेनरेशन दुकान, गुमटी, धंधों में खपी। इसी के ट्रेंड को बूझ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से निकला था कि दफ़्तर के बाहर पकौड़ा बेचना भी रोज़गार है।

मतलब नरसिंह राव–मनमोहन सिंह बनाम नरेंद्र मोदी का बेसिक फ़र्क यह भी है जो राव–वाजपेयी–मनमोहन सिंह ने भूमंडलीकरण, वैश्विक ट्रेंड में उत्पादकता, औद्योगिक उत्पादकता, आईटी–सेवा क्षेत्र के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट बनवा इक्कीसवीं सदी के सिनेरियो में दिमाग खपाया। वही नरेंद्र मोदी ने चाय–पकौड़े की गुमटी यानी व्यापार, धंधा, मुनाफ़े में भारत का भविष्य बूझा है। यह उनका दोष नहीं है। गुजरात की तासीर में विकास मतलब व्यापार, धंधा, दुकान, वाणिज्य से मुनाफ़े की सर्वोच्चता से ही सब है। इसी कारण अंबानी–अडानी प्रतिमान हैं। बाक़ी सब जाएं भाड़ में और धंधा, मुनाफ़ा ही परम पुरुषार्थ।

सोचें, पिछले तीन वर्षों में अंबानी–रिलायंस ने यूक्रेन संकट में रूस से सस्ता–कच्चा तेल ख़रीद उसे देश–दुनिया को कितना महंगा बेचा? अरबों–खरबों रुपए का मुनाफ़ा कमाया होगा। अब यदि इस धंधे से भारत ट्रंप के टैरिफ़ का मारा है तो अंबानी–रिलायंस का तो कुछ नहीं बिगड़ना है। मगर देश, मोदी सरकार के लिए तो अंबानी सफलता की कहानी है!विषयांतर हो रहा है। मूल बात पर लौटें। भारत ने 1990 से 2000 के बीच अपने् इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की भूमिका बनाई। राव–मनमोहन सिंह ने हाईवे, एयरपोर्ट, बंदरगाह, संचार व बिजली क्षेत्र को नौकरशाही जकड़न से मुक्त किया। निज पूंजी, उद्यम को स्वतंत्रता दी। इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण शुरू हुआ तो उससे इक्कीसवीं सदी के 25 वर्षों की सतत कोशिश से भारत को क्या प्राप्त है? कह सकते हैं कनेक्टिविटी और बिजली का उजाला है। अर्थात हाईवे के नेटवर्क, संचार, आवाजाही–माल ढुलाई, ऊर्जा में सुगमता है। जैसा भी हो पर इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा है। ऐसा होनी मोदी सरकार से नहीं है। उसका योगदान सरकारों की निरंतरता की मौजूदा कड़ी के नाते है। संयोग था जो नरसिंह राव के सुधारों के बाद की सरकारों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रभारी मंत्री कामकाजी हुए।वाजपेयी सरकार के भुवनचंद खंडूरी हों या कांग्रेस के कमलनाथ–सीपी जोशी या नितिन गडकरी से भारत हाईवे नेटवर्क में गुंथा गया है। इन सभी मंत्रियों ने नौकरशाही को सख्ती से कसते हुए काम निकालने की धुन में काम किया। ध्यान रहे कांग्रेस ने ही अडानी को पहला बंदरगाह दिया था। ऐसे ही उसने दक्षिण भारत की कंपनियों को हाईवे, एयरपोर्ट, बिजलीघर बनाने के काम सौंपे थे। सरकारों की प्राथमिकता से ही पच्चीस वर्षों का इंफ्रास्ट्रक्चर लेखा है। अब सवाल है कि जिस असल काम के लिए बुनियादी ढांचा बना उसका क्या हुआ? क्या भारत में का-रख़ाने खुले, निर्यात बढ़ा? भारत की उत्पादकता बढ़ी? औद्योगिक क्रांति हुई? भारत आत्मनिर्भर बना?ऐसा न होना 25 वर्षों के भारत चि् की असलियत है। किसी भी अर्थशास्त्री से पूछें, किसी भी विकसित देश की गाथा पढ़ें तो मालूम होगा कि जब भी किसी ने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया तो उस देश में फैक्ट्रियां खुलीं, रोज़गार बढ़ा। उत्पादकता बढ़ी। निवेश आया और निर्यात बढ़ा। उसी से फिर इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत निकली। 25 वर्षों में भारत में उलटा हुआ! औद्योगिकीकरण नहीं हुआ। उलटे 140 करोड़ लोगों की भीड़ से भारत वह बाज़ार बना, जिसके हाईवे, बंदरगाहों, एयरपोर्ट, कम्युनिकेशन ने चीन में बने सामान की माल ढुलाई को आसान बनाया। अंबानी–अडानियों को शॉपिंग मॉल बनाकर, बंदरगाह विकास कर चीन, वियतनाम से टरबाइन या सोलर मशीनरी आदि हर सामान लाकर भारत में खपाने, लगाने, बेचने का धंधा चोखा बना।

सो, इंफ्रास्ट्रक्चर से भारत का औद्योगिकीकरण नहीं है। मगर बाज़ार फैला है और लागत वसूली है। लोगों की कनेक्टिविटी बनी तो उसके साथ 140 करोड़ से ही टोल टैक्स, हवाई टिकट, फ़ोन बिल की मनमानी वसूली का रिवाज–कायदा है। एयरपोर्ट–बंदरगाह क्षेत्र में अडानी और इंडिगो बने। फ़ोन–संचार पर जियो–एयरटेल की एकछत्रता हुई। बिजली में अंबानी, अडानी सहित कोलकाता–हैदराबाद की पावर कंपनियों की सरकारी ढांचे के ज़रिए मनमानी बिजली रेट, बिल बने हैं। सन् 2000 से पहले भारतीयों के अनुभव में बिजली न होने या कटौती की शिकायत होती थी। अब घर–घर की शिकायत है कि बिजली–पानी के कितने ज़्यादा बिल आ रहे हैं।सो, उपयोग और कंपनियों की कमाई का वह चक्रहै, जिसमें न सस्ता है न स्वदेशी है और न स्वावलंबी भारत है। इंफ्रास्ट्रक्चर भी तमाशा है। नतीजतन एक्सप्रेस वे, हाईवे, स्टेट रोड आदि की दशा, इनके किनारे वही दशा है जो 2000 से पहले पटना से मुजफ़्फ़रपुर जाते वक्त थी। एक उदाहरण बिहार के हाईवे का है। बिहार के विकास–गौरव का प्रतीक पटना में गंगा किनारे (राजधानी से बाहर निकलने, प्रदेश के सभी रास्तों पर ले जाने के रास्ते) का मरीन ड्राइव यानी जेपी गंगा पथ है।

पर यह किससे पटा हुआ है–गुमटियों व ठेलों की दुकानों से। मैं बतौर रिपोर्टर 1984 में पहली बार पटना से मुजफ़्फ़रपुर गया तो सड़क किनारे की गुमटियों की संख्या, निठल्लों की अड्डेबाज़ी, चाय–छोटे सिंघाड़े (समोसे) का मिला नज़ारा मेरे लिए मनभावक था। चालीस साल बाद उसी नज़ारे की कहानी जेपी गंगा पथ है। जेपी गंगा पथ के किनारों पर ठेलों, गुमटियों से भरा हुआ है। कहते हैं शाम को पांव रखने की जगह नहीं होती। तब और अब के विकास के फर्क का गौरतलब पहलू यह है जो जेपी गंगा पथ की गुमटियों में अब सिंघाड़े की बजाय मोमोज़, चाउमीन, पिज़्ज़ा जैसी वे चीज़ें मिलती हैं जो देसी पकौड़ों से बढ़कर हैं।

यह उदाहरण इक्कीसवीं सदी के पच्चीस वर्षों की भारत–प्राप्ति का एक सार है। इंफ्रास्ट्रक्चर बना है पर फैक्ट्रियां नहीं हैं। तो है क्या? जवाब है–बाज़ार। दिल्ली में करोलबाग का मंडे बाज़ार देखें या गंगा पथ हाईवे की गुमटियों से टाइमपास या दिल्ली–जयपुर एक्सप्रेसवे के किनारे में चमक–धमक, पंचतारा देसी–विदेशी ब्रांड की आधुनिक गुमटियों के ठिकानों पर जमा भीड़ से साफ झलकेगा बाज़ार ही भारत का विकास है। भीड़ और बाज़ार के लिए बंदरगाहों से लेकर दिल्ली, कोलकाता, यूपी, बिहार के सभी हाईवे (कनेक्टिविटी) का उपयोग या तो लोगों की आवाजाही के लिए है या चीन, वियतनाम, आसियान व अन्य देशों से हो रहे आयात की माल ढुलाई का है।

सो, भारत सिंघाड़ा यानी समोसा बनाना छोड़ रहा है क्योंकि भीड़ का स्वाद चाइनीज़, इतावली, अमेरिकी हो गया है। इसलिए भारत के छोटे–मोटे सभी उद्यमी विदेशी चीज़ों के व्यापारी बन गए हैं। मकसद भीड़ को दुहना है। विदेशी कंपनियों के निर्मित सामान, प्रोडक्ट, तकनीक–ब्रांड का डीलर बनना है। स्टील, सीमेंट से लेकर संचार सभी क्षेत्रों में मोनोपॉली बनाना है। और यही जेपी गंगा पथ की भीड़ के दिमाग में विकास है। विकसित भारत है। तभी वह इंफ्रास्ट्रक्चर की कनेक्टिविटी में गंगा किनारे मोमोज़ खाते हुए रील बनाता है। दोस्तों, रिश्तेदारों, दुनिया को दिखलाता है। अमेरिकी कंपनियों की कमाई बढ़वाता है और भक्तिभाव से मोदीजी को पूजता है! उसे दिमाग में और कुछ नहीं सूझता। आखि़र मिलेनियम पीढ़ी, नौजवान आबादी की जिस धुन, रीलों में भारत रमा है वह वाजपेयी सरकार के सर्व शिक्षा अभियान से निर्मित खोखा–छाप साक्षरता से जो बने हुए हैं।

# बुजुर्गों की सेवा में समय बैंक

**विनीत नारायण**

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खातेइ में जमा किया जाता है।

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंकइ अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समयइ जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खातेइ में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंकइ उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्डइ जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याजइ निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है। भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंकइ जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंकइ में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो 'समय बैंकइ ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

# मॉडलिंग के लिए छोड़ी पढ़ाई, एक्टिंग के लिए घर से बगावत



हर बड़े सपने की कीमत होती है और उसे पूरा करने के लिए कई मुश्किलों से गुजरना पड़ता है। सिनेमा की दुनिया में नाम कमाने के लिए पंजाब की कैटरीना को भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जी हां, हम बात कर रहे हैं शहनाज गिल की, जो आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रहीं। शहनाज ने पढ़ाई छोड़कर मॉडलिंग की राह चुनी, परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग के लिए घर से भागीं। शुरुआती दिनों में घरवालों से नाता टूटा, अकेलेपन से जूझना पड़ा, लेकिन हिम्मत और लगन ने उन्हें सफलता भी दिलाई। संघर्ष, परिवार से बगावत और मेहनत से मिली सफलता की कहानी शहनाज गिल की है। पंजाबी सिनेमा और बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली शहनाज गिल का जन्मदिन 27 जनवरी को है। उनकी जिंदगी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। मॉडलिंग के चक्कर में पढ़ाई छोड़ना, पिता से अनबन, घर से भागकर एक्ट्रेस बनने की ठानना और फिर बिग बॉस 13 से मिली शोहरत ने उन्हें पंजाब की कैटरीना का खिताब दिलाया। शहनाज गिल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ। डलहौजी के डलहौजी हिलटॉप स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्हें मॉडलिंग का शौक हो गया। स्कूल के दिनों में ही उन्होंने छोटे–मोटे मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स शुरू कर दिए। स्कूलिंग पूरी होते ही उन्होंने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में बी.कॉम में दाखिला लिया, लेकिन मॉडलिंग की जिद में पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी।

### ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के नए कप्तान का हुआ ऐलान

मेलबर्न, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, सोफी मोलिनेक्स को ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम का नया कप्तान नियुक्त कर दिया गया है. वो टीम में एलिसा हीली की जगह लेंगी, जो मार्च में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर हो रही हैं. एलिसा हीली भारत के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज में आखिरी बार ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को लीड करेंगी. जबकि सोफी मोलिनेक्स टेस्ट और वनडे में एलिसा हीली के साथ वाइस–कैप्टन होंगी. हालांकि 28 साल की लेफ्ट–आर्म स्पिनर सोफी मोलिनेक्स भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में कप्तानी में डेब्यू करेंगी. जो 15 फरवरी से शुरू हो रही है. इसके अलावा ऑलराउंडर एशले गार्डनर और ताहलिया मैकग्रा को सभी फॉर्मेट में उप–कप्तान बनाया गया है. मार्च 2018 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली मोलिनेक्स ऑस्ट्रेलिया की व्हाइट–बॉल क्रिकेट की सफलता में अहम रही हैं. वह 2018 और 2020 में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा थीं. पिछले आठ सालों में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट, 17 वनडे और 38 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं. कप्तान बनाए जाने के बाद मोलिनेक्स ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बनना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है और मुझे इस पर बहुत गर्व है, खासकर एलिसा के बाद, जिन्होंने इस टीम और खेल पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है.

# नीदरलैंड्स ने रचा इतिहास, पहली बार महिला टी20 वर्ल्ड कप में किया क्वालीफाई



कीर्तिपुर (नेपाल),नीदरलैंड्स ने टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार महिला टी20 वर्ल्ड कप में जगह बनाकर इतिहास रच दिया. टीम ने नेपाल के कीर्तिपुर में खेले गए यूरोपियन क्वालिफायर मैच में बारिश से प्रभावित मैच में यूएसए को हराकर क्वालिफिकेशन हासिल किया.

अपने ग्रुप में टॉप पर रहने के बाद, नीदरलैंड्स ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, यूएसए को हराया और इस बड़े टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की. साथ ही, खिलाड़ियों को अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न अनोखे अंदाज में मनाते देखा गया, जब वे पिच को बारिश से बचाने के लिए बिछाए गए कवर्स पर फिसल रही थी.

टॉस जीतकर यूएसए ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन विपक्षी गेंदबाजों ने उन्हें कम स्कोर पर रोक दिया. गार्गी भोगले (36) और इसानी वाघेला (32 नॉट आउट) ही दो ऐसी खिलाड़ी थीं जो क्रीज पर सहज दिख रही थीं. हालांकि, पांच खिलाड़ी सिर्फ सिंगल डिजिट में ही रन बना पाईं. हन्ना लैंडहीर गेंदबाजों में सबसे सफल रहीं, उन्होंने तीन विकेट लिए.

जवाब में, नीदरलैंड्स 12 ओवर में दो विकेट पर 90 रन बनाकर लक्ष्य की ओर बढ़ रहा था, लेकिन बारिश के कारण खेल रुक गया, जो फिर से शुरू नहीं हो सका. उस समय डच टीम डीएलएस के हिसाब से आगे थी, इसलिए उन्हें विजेता घोषित कर दिया गया.

# धमाल 4 की रिलीज डेट में बदलाव



मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फ्रेंचाइजी धमाल की चौथी किस्त धमाल 4 को लेकर दर्शकों में उत्सुकता चरम पर है। हालांकि, निर्देशक इंद्र कुमार की इस फिल्म की रिलीज डेट में एक बार फिर बदलाव हुआ है। मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की कि फिल्म अब 12 जून को रिलीज नहीं होगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, जब अराजकता कॉमेडी से मिलती है, तो समझ लीजिए कि यह धमाल का समय है! नई तारीख शुभ और फैमिली एंटरटेनर के लिए बेस्ट है। 3 जुलाई को फिल्म अल्टीमेट फैमिली एंटरटेनर के रूप में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार है।

यह रिलीज डेट में दूसरी बार बदलाव है। इससे पहले फिल्म 12 जून को रिलीज होने वाली थी और उससे पहले ईद के मौके पर आने वाली थी। मेकर्स ने कुछ वजहों से तारीख बदली, हालांकि वजहों का खुलासा नहीं किया गया। माना जा रहा है कि संभावित बॉक्स ऑफिस क्लैश से बचने के लिए यह फैसला लिया गया है।

### सोशल मीडिया ने बदली मिथिला पालकर की जिंदगी, कभी नहीं की थी फिल्मों में आने की प्लानिंग

लिटिल थिंग्स, कारवां, चॉपस्टिक्स और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री–गायिका मिथिला पालकर आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हैप्पी पटेल से सुर्खियां बटोर रही हैं। मिथिला फिल्मों से लेकर ओटीटी तक पर अपने अभिनय की कला को दिखा चुकी हैं। अब उन्होंने आईएएनएस के साथ अपनी फिल्मी जर्नी शेयर की है और बताया है कि उन्होंने कभी भी एक्टिंग करियर के लिए किसी तरह की प्लानिंग नहीं की, बल्कि सब कुछ अपने आप होता चला गया। अभिनेत्री मिथिला ने कहा, मैंने हमेशा यही कहा है कि अपने पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाने के लिए मैंने परिस्थितियों के अनुसार ही काम किया। एक एक्ट्रेस बनने के लिए मैंने इसे दोनों हाथों से अपनाया। मुझे क्या पता था कि इंटरनेट क्या कर देगा? 10 साल पहले, हम सभी इंटरनेट पर बस शुरुआत कर रहे थे। उस समय टीवी, थिएटर और फिल्में ही मुख्य थीं। रेडियो का भी अपना एक अलग ही प्रभाव था।

# बांग्लादेश की टीम आएगी भारत, सरकार ने दे दी परमीशन




नईदिल्ली,भारत में टी20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार करने वाली बांग्लादेश सरकार ने अपनी शूटिंग टीम को भारत भेजने के मंजूरी दे दी है. रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश सरकार ने एशियन राइफल और पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए बांग्लादेशी टीम को भारत जाने की मंजूरी दे दी है. ये चैंपियनशिप 2 से 14 फरवरी तक राजधानी दिल्ली में आयोजित होंगी. बता दें कि बांग्लादेश का यह फैसला सुरक्षा कारणों से क्रिकेट टीम को भारत न भेजने के बाद आया है. बांग्लादेश के युवा और खेल मंत्रालय ने आधिकारिक तौर इस दौरे के लिए एक सरकारी बयान भी जारी किया है. जिसमें कहा गया है कि कोई सुरक्षा समस्या न होने के कारण शूटिंग टीम को भारत भेजने का फैसला किया गया है. इस बारे में, वहां के युवा और खेल सचिव महबूब आलम का कहना है कि शूटिंग टीम में एक एथलीट और एक कोच हैं, आयोजकों ने भरोसा दिलाया है कि कोई सुरक्षा समस्या नहीं होगी. उन्होंने ये भी कहा कि इवेंट इनडोर स्टेडियम में होगा, जो कि एक सुरक्षित जगह होगी, इसलिए सरकार ने टीम को भारत जाने की मंजूरी दी है. इससे पहले बांग्लादेश की सरकार ने भारत में सुरक्षा का हवाला देते हुए अपनी नेशनल क्रिकेट टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भाग लेने से रोक दिया. जब आईपीएल से मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया गया तो बांग्लादेश की सरकार ने आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका शिफ्ट करने की मांग कर दी, जिसको आईसीसी ने उनकी मांग को ये कहकर खारिज कर दी कि, भारत में कोई भी सुरक्षा चिंता नहीं है. बांग्लादेश को अपने ग्रुप मैच भारत के कोलकाता और मुंबई में खेलने थे, लेकिन जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टूर्नामेंट खेलने से ही मना कर दिया तो फिर आईसीसी ने उनकी जगह स्कॉटलैंड को रिप्लेस कर दिया.

## एक नजर

### सलोनी गांव के सुनील रावत ने जीता खिताब

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड बीरोंखाल के अंतर्गत मटेला गांव में शारीरिक फिटनेश के लिएवीर भड़ आफ बीरोंखाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें थलीसैंण के सलोन गांव निवासी सुनील रावत ने दमदम दिखाते हुए खिताब पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली से 60 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को पांच चरणों में संपादित करवाया गया। जिसमें भार उठाना, रस्सी चढ़ना, लंबी दौड़ लगाना, ऊंची कूद शामिल थी। खेल के अंतिम पांचवें चरण मेंकुल 6 प्रतिभागी अंतिम दौर में पहुंचे, जहां पर कड़े मुकाबले में सनोल गांव के सुनील रावत ने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। नौगांव निवासी हनुमंत रावत द्वितीय व दिल्ली के परमजीत तृतीय रहे। इसके अलावा दिल्ली के ही विमलेश चतुर्थ व आदित्य ने पंचम स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को नगद धनराशि व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिलाष रावत, कनिष्ठ प्रमुख विनीता रावत, ग्राम प्रधान मुकेश कुमार, हर्षपाल रावत, मोहन सिंह, रणवीर सिंह गुसांई, सुषमा रावत मौजूद रहे।

### रजत जयंती समारोह में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : क्रिएटिव चिल्ड्रन एकेडमी पब्लिक स्कूल शिवपुर का रजत जयंती समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि विद्यालय क्षेत्र के बच्चों में ज्ञान की अलख जगाए हुए है, जो सराहनीय है।

रजत जयंती समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने किया। उन्होंने विद्यालय परिवार को रजत जयंती पर बधाई दी। प्रधानाचार्य दीपक गौड़ ने कहा कि वर्ष 2001 में विद्यालय की स्थापना हुई थी। उन्होंने विद्यालय की विगत 25 वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांधा। समारोह में जीआरआरसी लैंसडौन के डिप्टी कमांडेंट कर्नल कुलदीप सिरोही, कर्नल सुमिल लैंगवाल, कर्नल राजकुमार सैनी, मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, पार्षद किरन काला, ज्योति सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन राकेश मोहन ध्यानी ने किया।

### बढ़ रही गले की एलर्जी से पीड़ित मरीजों की संख्या

श्रीनगर गढ़वाल : मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर दिखने लगा है। श्रीनगर उपजिला चिकित्सालय में संक्रमण के चलते गले की एलर्जी से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मरीजों के गले में तेज दर्द, दाने, आवाज में बदलाव और खाने-पीने में घुटन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

# ..इस अतिक्रमण पर नहीं जाता नगर निगम का ध्यान



कोटद्वार के स्टेशन रोड में सड़क पर सजा समान

### नगर निगम की सुस्त कार्य प्रणाली से बिगड़ रही व्यवस्था

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भले ही नगर निगम शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के दावे कर रहा हो। लेकिन, हकीकत तो यह है कि आज तक नगर निगम को रेहड़ी-ठेली के अलावा दूसरा अतिक्रमण कभी नजर ही नहीं आया। नतीजा, दुकानों के बाहर सड़क तक सजे सामान के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जहां आपकों सड़क के बाहर दुकानों का रखा सामान न दिखाई दें। इसके कारण शहर की व्यवस्थाएं लगातार बिगड़ती जा रही है। आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन, नगर निगम की नजर आज तक इस अतिक्रमण पर नहीं पड़ी। नगर निगम को अतिक्रमण के नाम पर केवल रेहड़ी-ठेली ही नजर आती है। दुकानों के बाहर फैले इस अतिक्रमण से सबसे अधिक परेशानी देवी रोड, झंडाचौक, पटेल मार्ग, स्टेशन रोड में होती है। इससे राहगिरों को भी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। शहरवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में स्थानीय लोग कई बार अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, नगर निगम ने कभी भी इसे गंभीरता से नहीं लिया।

#### बनी रहती है जाम की स्थिति

शहर में अतिक्रमण के कारण सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। स्टेशन रोड में सड़क पर फैले अतिक्रमण के कारण वाहनों को निकलने का भी पूरा मार्ग नहीं मिल पाता। ऐसे में हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पूर्व में हुई दुर्घटनाओं के बाद भी सरकारी सिस्टम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।



## छात्रों को बताएं नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज मेटाकुंड में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिविल जज जूनियर डिवीजन सतपुली नेहा ने छात्रों को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशीली दवाओं के सेवन से हदयाघात, सांस संबंधी बीमारियां, फेफड़ों में संक्रमण, मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव तथा व्यवहार में गंभीर बदलाव हो सकते हैं। उपजिलाधिकारी रेखा आर्य ने छात्र-छात्राओं व उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। पीलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने विधिक सेवा के अंतर्गत नालसा, सालसा, डालसा योजना की जानकारी दी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने साइबर क्राइम व पोक्सो एक्ट की जानकारी दी। शिविर में वन विभाग के आरक्षी अशोक कुमार, वन आरक्षी बबीता देवी, सहित अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, छात्र मौजूद रहे।

## द्वारीखाल के एनएचएम कार्यक्रम सीएचसी चैलूसैंण से होंगे संचालित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : द्वारीखाल विकासखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत संचालित समस्त ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट्स (बीपीएमयू) अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैलूसैंण से संचालित होंगी।

अब तक विकासखंड की समस्त योजनाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाइप-टू डाडामंडी से चल रही थी। ब्लॉक चिकित्साधिकारी भी सीएचसी चैलूसैंण में ही बैठेंगे। सीएमओ डॉ. एसएम शुक्ला ने उक्त आदेश जारी किए जाने की पुष्टि की है। बताया कि चैलूसैंण सीएसची से विकासखंड के सभी गांवों के लोग सुगमता से आवाजाही कर सकेंगे।

द्वारीखाल के ब्लॉक चिकित्साधिकारी डॉ. अरिहंत सैनी ने बताया कि एनएचएम के तहत विकासखंड स्तर पर जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), आशा कार्यकर्ता योजना और निःशुल्क दवा/जांच सेवाएं संचालित होती हैं। इसमें विकासखंड स्तर पर सीएचओ समेत सभी स्टॉफ अब सीएचसी चैलूसैंण में ही बैठेगा।

सीएमओ पौड़ी के निर्देश पर एनएचएम के समस्त स्टाफ को चैलूसैंण सीएचसी में बायोमीट्रिक हाजिरी लगाकर योजनाओं का काम शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

### कोटद्वार में दो फरवरी को निकलेगी ध्यानाकर्षण रैली

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले चिल्लरखाल में लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग निर्माण के लिए चल रहा धरना गुरूवार को 139वें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रोड का निर्माण न कराना उनके अधिकारों का हनन है। वन्यजीवों के साथ ही मानव हितों के संरक्षण के लिए एलिवेटेड रोड ही एकमात्र समाधान है।इस मौके पर समिति के संयोजक राजाराम अणथ्वाल व प्रवीण थापा ने बताया कि दो फरवरी को ध्यानाकर्षण रैली प्रस्तावित की गई है। रैली सुबह नौ बजे चिल्लरखाल से शुरू होकर तहसील पहुंचकर संपन्न होगी। उन्होंने सभी से रैली को सफल बनाने की अपील की है। इस मौके पर गणेश रावत, अमित राणा, नरेश धस्माना, जगमोहन सिंह नेगी, उम्मेद सिंह भंडारी, मदन सिंह नेगी, देवेंद्र रावत, रवींद्र सौंद, दीपा अधिकारी, सीमा, पुष्पा मेहरा, प्रेमा, बिनीता देवी, चंदा, रेखा नेगी आदि मौजूद रहे।

## शिविरों के माध्यम से जनता को मिल रहा सीधा लाभ : विधायक

### दुगड्डा ब्लॉक की न्याय पंचायत उमथगांव बहुउद्देशीय शिविर में 18 शिकायतें दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन पर जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत विकासखंड दुगड्डा की न्याय पंचायत उमथगांव में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने 18 शिकायतें दर्ज कीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं 170 पात्र लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में 463 ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

शिविर में मुख्य अतिथि यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल के तहत जनपद की सभी न्याय पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में दर्ज शेष शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। नोडल अधिकारी शिविर एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत भावना रावत ने बताया कि शिविर में दर्ज 18 शिकायतों में से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया है। शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से 170 लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। इसके अलावा 15 विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाए गए। शिविर में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, वन, राजस्व, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, पशुपालन सहित कुल 23 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सूरज नेगी, जिला पंचायत सदस्य सीमा भंडारी, खंड विकास अधिकारी विद्यादत्त रतूड़ी, जेई जिला पंचायत अनुज सेमवाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



## मानस काला मिस्टर व तमन्ना भदोला बनी मिस नवयुग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की विदाई के लिए नवयुग पब्लिक स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मानस काला को मिस्टर व तमन्ना भदोला को मिस नवयुग का खिताब दिया गया।

पदमपुर मोटाढांग स्थित नवयुग पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। गढ़वाली व कुमाऊंनी गीतों पर दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य नीलम नेगी ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत करते हुए अपने सपनों को साकार करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की भी सीख दी। विद्यालय के संस्थापक हुकुम सिंह नेगी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान मानस काला को मिस्टर, तमन्ना को मिस एनपीएस चुका गया। वहीं, अभिषेक को मिस्टर स्पार्क व इशिका को मिस स्पार्क का खिताब दिया गया। लक्की व अंजली धस्माना को स्टूडेंट आफ ईयर का खिताब मिला। दिव्य दर्शनी को क्रेटिव पर्सन का खिताब मिला। इस मौके पर रजनीश कुमार, स्वाति रावत, अर्पिता नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के नवयुग पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

### नई दुग्ध समितियों के गठन के लिए सर्वे कार्य जारी

श्रीनगर गढ़वाल : ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध सहकारिताओं को मजबूत कर रोजगार सृजन और पलायन रोकने की दिशा में श्रीनगर आंचल डेयरी की ओर से अहम पहल की जा रही है। जिला योजना, एनपीडीडी योजना और पलायन रोकथाम योजना के तहत नई दुग्ध समितियों के गठन के लिए ग्राम स्तर पर सर्वे कार्य प्रगति पर है। दुग्ध संघ श्रीनगर के प्रधान प्रबंधक श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत जिला योजना में तीन, एनपीडीडी योजना में छह व पलायन रोकथाम योजना के तहत चार नई दुग्ध समितियों का गठन प्रस्तावित है। इन समितियों के माध्यम से ग्रामीणों को सीधे दुग्ध व्यवसाय से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर आय के साधन उपलब्ध होंगे और पलायन पर रोक लगेगी। बताया कि दुग्ध समितियों के संचालन के लिए आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

## ग्रोथ सेंटर जशोधरपुर की सड़कों पर गढ्ढे, लोग परेशान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर स्थित सिडकुल के जशोधरपुर औद्योगिक क्षेत्र में सड़कें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बदहाल सड़कों के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ग्रोथ सेंटर में सिडकुल प्रशासन की ओर से फैक्टरी संचालकों से वार्षिक मेंटेनेंस चार्ज भी लिया जाता है। इसके बावजूद सड़कें बदतर बनी है।स्टील मेन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुभाष कुकरेती, उद्यमी उम्मेद सिंह, रोहित गुप्ता, प्रदीप कुमार, हेमा देवी, हरीश बौंठियाल का कहना है कि जशोधरपुर औद्योगिक में फैक्टरियों के कारण भारी वाहनों का आवागमन लगातार रहता है। दो दिन पूर्व हुई बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर गया है। औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस चौकी, मंदिर, बिजलीघर, फैक्टरियां होने के कारण सैकड़ों कर्मचारी यहां दोपहिया वाहनों से आवागमन करते हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों पर बने गड्ढों में गिरकर और बजरी पर रपटकर कर्मचारी व राहगीर घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों, फैक्टरी संचालकों और कर्मचारियों ने सिडकुल प्रशासन से शीघ्र सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है। क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल सिगड्डी सन्नी चौहान का कहना है कि खराब सड़कों का मामला संज्ञान में है। विभागीय अवर अभियंता के साथ सड़कों का निरीक्षण कर लिया गया है। एक सप्ताह के भीतर सड़कों में पैच वर्क का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

### कूड़ा फेंकने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और कूड़ा-दान मुक्त बनाने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। निगम की ओर से अब नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान उनके घर भेजे जाएंगे और फोटो व वीडियो सार्वजनिक की जाएगी। नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पुराने और बड़े कूड़ेदानों को हटाया जा चुका है। इसके बावजूद भी लोग हटाए गए कूड़ेदानों की जगह पर ही कूड़ा फेंक रहे है। मेयर आरती भंडारी ने कहा कि नई व्यवस्था के अंतर्गत अब श्रीनगर शहर में दिन में दो बार सुबह और शाम नगर निगम की कूड़ा गाड़ी पहुंच रही है। वहीं गली–मोहल्लों में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की सुविधा के लिए निगम के पर्यावरण मित्र नियमित रूप से घर-घर जाकर कूड़ा संग्रह कर रहे हैं। इसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में लोग हटाए गए कूड़ा दानों की जगह पर ही कूड़ा फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है।

### बिड़ला कैंपस श्रीनगर की टीम ने जीता फुटबाल का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। गुरूवार को फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में बिड़ला कैंपस श्रीनगर की टीम ने राठ महाविद्यालय पैठाणी को पेनल्टी शूट-आउट में कड़े संघर्ष के बाद 3-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। साथ ही गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम को नॉर्थ जोन प्रतियोगिता के लिए फगवाड़ा (पंजाब) भेजा जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि गढ़वाल केंद्रीय विवि के खेल निदेशक प्रो. जेपी मेहता ने कहा कि सुदूर ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाना अत्यंत सराहनीय पहल है, जिससे क्षेत्र की छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल, प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक खेल निदेशक मोहित सिंह बिष्ट, राठ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार नेगी, क्रीड़ा सचिव डॉ. मंजीत भंडारी, डॉ. गोपेश सिंह, डॉ. राम सिंह, डॉ. राज कुमार पॉल, डॉ. वीरेंद्र चंद, डॉ. श्याम मोहन सिंह, डॉ. देव कृष्ण, वीरेंद्र बिष्ट, वंदना डोभाल आदि मौजूद रहे।

### छात्र संख्या बढ़ाने पर रहेगा विशेष जोर : अंशुल बिष्ट

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद के नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक (डीईओ) अंशुल बिष्ट ने पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वह नैनीताल जिले में खंड शिक्षा अधिकारी धारी व कोटाबाग के पद पर कार्यरत थे। बिष्ट जिला मुख्यालय अल्मोड़ा के निवासी हैं।पदभार संभालने के बाद अंशुल बिष्ट ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय छात्र संख्या की कमी से जूझ रहे हैं। इन विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाए जाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों की पहली बैठक लेकर व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या को बढ़ाए जाने के लिए विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावकों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय से नए शिक्षा सत्र में छात्र संख्या बढ़ाए जाने पर फोकस किया जाएगा।

### सीईओ अत्रेय सयाना ने संभाला पदभार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद में करीब डेढ़ साल बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी की तैनाती हुई है। नवनियुक्त सीईओ अत्रेय सयाना ने शिक्षा परिसर पौड़ी पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। सीईओ ने कहा कि जनपद की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए बेहतर शिक्षा व्यवस्था और परीक्षार्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के दौरान वन्यजीवों से छात्रों की सुरक्षा को लेकर जल्द विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी।मुख्य शिक्षा अधिकारी अत्रेय सयाना ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग स्थानीय प्रशासन, पुलिस व वन विभाग के साथ समन्वय कर कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तिथियां तय हो चुकी हैं और 31 जनवरी को उत्तराखंड शिक्षा परिषद की ओर से तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। गौरतलब है कि जिले के तत्कालीन सीईओ दिनेश चंद्र गौड़ का जून 2024 में निदेशालय स्थानांतरण हो गया था।

## बार एसोसिएशन ने जीता क्रिकेट का फाइनल



आयोजित प्रतियोगिता की विजेता टीमको सम्मानित करते अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कोटद्वार प्रेस क्लब की ओर से पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सुधींद्र नेगी की स्मृति में राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में सदभावना मैत्री मैच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बार एसोसिएशन के नाम रहा। इस दौरान प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर आयुक्त पीएल शाह ने खिलाड़ियों का परिचय करवाते हुए किया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मुकाबला बार एसोसिएशन कोटद्वार व एलआईयू के मध्य खेला गया। जिसमें बार एसोसिएशन ने एलआई को पराजित किया। दूसरा मुकाबला लायंस क्लब डिग्निटी व इलेक्ट्रानिक मीडिया के मध्य खेला गया, जिसमें लायंस क्लब ने जीत दर्ज की। सेमीफाइनल मुकाबला बार एसोसिएशन व प्रेस क्लब कोटद्वार के मध्य खेला गया, जिसमें बार एसोसिएशन ने जीत दर्जकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला लायंस क्लब डिग्निटी व बार एसोसिएशन कोटद्वार के मध्य खेला गया। जिसमें बार एसोसिएशन ने जीत दर्ज की। बार एसोसिएशन के जितेंद्र रावत को बेस्ट बालर व लायंस क्लब डिग्निटी के हितेश को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज से पुरस्कृत किया गया। बार एसोसिएशन के राजीव पटवाल को मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट गढ़वाली ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। मैच में अजय कुमार व दिनेश पाल ने अंपायर की भूमिका निभाई। इस मौके पर अजय खंतवाल, विमल ध्यानी, अनुपम भारद्वाज, सुभाष नौटियाल, दीपक सुयाल, आशीष बलोधी, विवेक वनियाल आदि मौजूद रहे।

## तीन माह से उपभोक्ताओं को नहीं मिला चावल, बाजार से खरीदने को मजबूर

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड की राशन की दुकानों में नवंबर 2025 से चावल की आपूर्ति न होने के कारण बीपीएल व अंत्योदय कार्ड धारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में उपभोक्ता सरकारी राशन पर निर्भर हैं, लेकिन पिछले तीन माह से चावल न मिलने से उन्हें खुले बाजार से महंगे दामों पर चावल खरीदना पड़ रहा है।क्षेत्र पंचायत सदस्य रघुवीर सिंह भंडारी एवं ग्राम प्रधान लक्ष्मोली सुरेश नेगी ने बताया कि सस्ता गल्ला दुकानों में राशन आपूर्ति ठप होने से गरीब परिवारों को 30 से 40 रुपये प्रति किलो चावल व 35 से 37 रुपये प्रति किलो आटा खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रकों के लिए पर्याप्त लोड पूरा नहीं हो पाने से कई क्षेत्रों में गेहूं भी नहीं पहुंच पा रहा है। इस संबंध में खाद्य पूर्ति निरीक्षक मलेथा ललित मोहन कठैत ने बताया कि पिछले तीन माह में गोदाम को बीपीएल कार्ड धारकों के लिए मात्र दो ट्रक चावल ही प्राप्त हो सके हैं। हालांकि, गेहूं की पूरी खेप गोदाम में पहुंच चुकी है जिसे अब सस्ता गल्ला दुकानों तक भेजा जा रहा है। गोदाम में चावल न पहुंचने से खाद्यान्न समस्या बनी हुई है। जैसे ही गोदाम में चावल उपलब्ध होगा सरकारी सस्ता गल्ला दुकानों तक पहुंचाया जाएगा। डीएसओ टिहरी मनोज डोभाल ने बताया कि फोर्टिफाइड चावल की प्रक्रिया के चलते नवंबर व दिसंबर में चावल की आपूर्ति बाधित रही। आज 15 ट्रक मुख्य गोदाम में चावल के लिए भेजे गए हैं।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता / I मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 299-DRM-MB-25-26 Date 29.01.2026 | 300-DRM-MB-25-26 Date 29.01.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Hiring of 03 Multi utility vehicle & 1 Truck for SSE/P.Way and SSE/Works for two years under ADEN/I/HRI | Hiring of 06 Multi utility vehicle & 1 Truck for SSE/ PWay and SSE/Works for two years under ADEN/II/HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.02.2026 15:00 | 23.02.2026 15:00 |
| अनुमानित लागत | 79,25,727.80 | 1,19,10,783.42 |
| धरोहर राशि | 1,58,500.00 | 2,09,600.00 |
| टेन्डर कॉस्ट | 5000.00 | 5000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.02.2026 | 09.02.2026 |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन | 90 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह | 24 माह |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 29.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 320/26

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा बैटरी ऑपरेट व्हीकल, वाणिज्य विज्ञापन, एटीएम, स्लीपिंग पॉड्स, मी.एम.बी.जे.के. एवं नीलामस्य में रिटायरिंग रूम, के ठेको को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–नीलामी website www.ireps.gov.in पर दिनांक 10.02.2026 को आयोजित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

331/2026 कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

